SCERT UK

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तराखण्ड
State Council of Educational Research and Training, Uttarakhand
Tapovan Road, Nalapani, Dehradun
Phone: 0135-2789655 Fax: 0135-2789656, Website: www.scert.uk.gov.in
E-mail: scertuk@gmail.com, scert_ua@rediffmail.com

सेवा में,

सचिव
विद्यालयी शिक्षा
उत्तराखण्ड, शासन।

पत्रांक /SCERT/2362-65 पाठ्यक्रम–1(।।) /2024–25 दिनांक 23 जुलाई, 2024

विषय : मा0 मुख्यमन्त्री जी द्वारा की गई घोषणाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक निदेशक माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड के पत्रांक/नियोजन/(04)–क/ (तीन)–2/ 3932–33/ मा0 मु0मन्त्री घोषणा/2024–25 दिनांक 20 मई 2024 द्वारा मा0 मुख्यमन्त्री जी द्वारा की गई घोषणा के सम्बन्ध में प्रस्ताव एवं प्रगति उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराए जाने हेतु अनुरोध किया गया है। इसी क्रम में घोषणाओं सम्बन्धी प्रगति आख्या निम्नवत् है–

1– घोषणा सं0–275/2023 दिनांक 23 मार्च, 2023

"छात्र–छात्राओं में कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी रूचि पैदा करने हेतु कक्षा–6 से विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम में कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगकी विषय को अध्याय के रूप में सम्मिलित किया जाएगा।"

- उक्तवत् घोषणा के अनुसार की गयी अपेक्षाओं के क्रम में अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासनादेश सं0/403/XXIV/(1) नवसृजित पद/2017/34/2010 TC के क्रम में शैक्षिक सत्र 2018–19 से कक्षा–1 से 12 तक उत्तराखण्ड राज्य में NCERT की पाठ्यपुस्तकें संचालित हो रही हैं।
- वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF-SE) के आलोक में राज्य पाठ्यचर्या की रूपरेखा (SCF-SE) का निर्माण गतिमान है। तत्पश्चात् नवीन रूप से विकसित की जाने वाली विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी से सम्बन्धित अध्याय सम्मिलित किया जाएगा।

3– घोषणा सं0–652/2023 दिनांक 28 नवम्बर, 2023

"राज्य के विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में आपदा प्रबन्धन के पाठ्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा"

उक्तवत् घोषणा के अनुसार की गयी अपेक्षाओं के क्रम में अवगत कराना है कि–

- एस0सी0ई0आर0टी0 के स्तर पर आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यपुस्तकों को विकसित करने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन वर्तमान में गतिमान है।

भवदीय

(अजय कुमार नौडियाल)
अपर निदेशक
एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड

पृ.सं. SCERT/2362-65/पाठ्यक्रम–1(।।) /2024–25 दिनांक उक्तांकित्।

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
2. निदेशक माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड।
3. निदेशक, अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण, उत्तराखण्ड।

(अजय कुमार नौडियाल)
अपर निदेशक
एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड

Scanned by CamScanner